इंडियनऑयल

CIN-L19201MH1959GOI011388

विपणन डिवीजन

उत्तर प्रदेश राज्य कार्यालय–।
इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड,
इंडियन ऑयल भवन, टीसी–39वी,
विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ – 226010, उत्तर प्रदेश

कानपुर मंडल कार्यालय के अंतर्गत **डब्ल्यूएसए अमरोख (जिला झांसी) एवं डब्ल्यूएसए अकबरपुर (जिला कानपुर देहात)** में गैर–ईंधन गतिविधियों के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध होने पर गैर–ईंधन सुविधाओं के विकास, संचालन एवं रखरखाव हेतु प्रस्ताव आमंत्रित।

इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) पूरे भारत में शहरी क्षेत्रों, राजमार्गों एवं ग्रामीण बाजार क्षेत्रों में ईंधन स्टेशनों (पेट्रोल पंपों) के सबसे बड़े नेटवर्क का संचालन करता है। इनमें से कई ईंधन स्टेशनों पर गैर–ईंधन व्यवसायों के लिए निर्मित भवन एवं खुले स्थान उपलब्ध हैं। आईओसीएल इन उपलब्ध संसाधनों का उपयोग करके इन ईंधन स्टेशनों पर गैर–ईंधन सुविधाओं एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं को विकसित करने की योजना बना रहा है।

आईओसीएल निम्नलिखित रिटेल आउटलेट्स पर उपलब्ध स्थानों के संचालन हेतु इच्छुक प्रतिष्ठित कंपनियों/संस्थाओं को संलग्न करने का प्रस्ताव करता है।

रिटेल आउटलेट का नाम	स्थान	जिला	उपलब्ध खाली भूमि	अक्षांश/देशांतर
डब्ल्यूएसए अमरोख	एनएच–27 (पुराना एनएच–28), (किमी 1451–1453), (चेनज संख्याः 1452.030, दाईं ओर), खसरा संख्याः 974, ग्रामः अमरोख, परगना एवं तहसीलः मोठ, जिलाः झांसी (उत्तर प्रदेश)।	झांसी	5757.06 वर्ग मीटर भूमि, रिटेल आउटलेट के पास स्थित है। इसमें फूड कोर्ट, शौचालय ब्लॉक, ग्राम हाट, जिम, खेल क्षेत्र, वाहन पार्किंग आदि के लिए स्थान निर्धारित किए गए हैं (चित्र संलग्न)।	25.778304/79.000412
डब्ल्यूएसए अकबरपुर	एनएच–19 (पुराना एनएच–02), (किमी 433–434), (चेनज संख्याः 433.526, बाईं ओर), खसरा संख्याः 14, ग्रामः बनारालीपुर, परगना एवं तहसीलः अकबरपुर, जिलाः कानपुर देहात (उत्तर प्रदेश)।	कानपुर देहात	3559.10 वर्ग मीटर भूमि, रिटेल आउटलेट के पास स्थित है। इसमें फूड कोर्ट, शौचालय ब्लॉक, ग्राम हाट, खेल क्षेत्र, वाहन पार्किंग आदि के लिए स्थान निर्धारित किए गए हैं (चित्र संलग्न)।	26.3805034/79.9723357

पार्टी के कार्य का दायरा

1. पार्टी को निविदा में भाग लेने से पहले स्थल की वास्तविक स्थिति से भली–भांति परिचित होना होगा। बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे स्थल का दौरा करें तथा प्रस्तावित स्थल की वास्तविक स्थिति, स्थल की परिस्थितियों और वहाँ तक पहुँचने के सभी मार्गों का आकलन करें।
2. पार्टी को संबंधित वैधानिक प्राधिकरणों से आवश्यक अनुमोदन प्राप्त करने के बाद मौजूदा निर्मित सुविधाओं का निर्माण या सुधार करके उनका विकास करना होगा। समझौते की पूरी अवधि के दौरान सभी लाइटें, फिक्स्चर एवं फिटिंग्स पार्टी द्वारा उपलब्ध कराए जाएंगे। इनकी समय–समय पर देखरेख एवं रखरखाव की जिम्मेदारी स्वयं बोलीदाता की होगी।
3. पार्टी को लाइसेंस पर दिए गए स्थान का सर्वोत्तम व्यावसायिक उपयोग सुनिश्चित करने के लिए संबंधित स्थलों का संचालन करना होगा। **www.iocl.com/suppliers-notices** देखें।

रुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित करने का उद्देश्य आईओसीएल के रिटेल आउटलेट्स पर उपलब्ध खाली स्थानों के माध्यम से उत्पादों/सेवाओं के विपणन हेतु स्थान उपलब्ध कराना है। यह व्यवस्था पूरी तरह लीव एंड लाइसेंस के आधार पर होगी तथा संबंधित पक्षों को नीचे दिए गए विवरण के अनुसार संबंधित स्थान पर डीलरशिप प्राप्त करने का कोई दावा नहीं होगा।

रिटेल आउटलेट का नाम	स्थान	प्रस्तावित मासिक किराया	जीएसटी सहित है या नहीं	किराये में वृद्धि संबंधी प्रावधान	बुनियादी ढाँचे पर अनुमानित व्यय	लीज की अवधि	राजस्व में हिस्सेदारी का प्रतिशत

पार्टियों से अनुरोध है कि वे उपरोक्त अवसरों के लिए अपनी रुचि की अभिव्यक्ति (EOI) के साथ **अनुलग्नक–1** में दिए गए प्रारूप के अनुसार आवश्यक विवरण प्रस्तुत करें। पार्टियां अपने अनुभव का विवरण भी शामिल कर सकती हैं, यदि कोई हो। **www.iocl.com/suppliers-notices** देखें।

प्रस्ताव निम्नलिखित पते पर भेजा जाना चाहिए:

प्रतिः श्री अभिषेक शर्मा – सीजीएम (आरएस), उत्तर प्रदेश राज्य कार्यालय–।
इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड
इंडियन ऑयल भवन, टीसी–39वी,
विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ – 226010, उत्तर प्रदेश।

प्रस्ताव आईओसीएल के पास दिनांक 18.11.2026 को 17:30 बजे तक पहुँच जाना चाहिए।

यह स्पष्ट किया जाता है कि यह प्रस्ताव आईओसीएल पेट्रोल पंप की डीलरशिप के लिए प्रस्ताव नहीं है। यह प्रस्ताव आईओसीएल की ओर से किसी भी प्रकार के व्यवसाय की प्रतिबद्धता भी नहीं है।

इस संबंध में किसी भी सहायता के लिए कृपया संपर्क करें:

विवेक कुमार सिंह
उप महाप्रबंधक (आरएस–एनएफआर एंड एई)
उत्तर प्रदेश राज्य कार्यालय–।
मोबाइल नंबरः 8586929821
ई–मेलः singhv@indianoil-in